एक नजर में

31 अक्टूबर से ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण आयोजित

नीमच। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, नीमच द्वारा 29 अक्टूब 2025 से कंम्प्यूटराईज अंकाउटिंग तथा 31 अक्टूबर 2025 से ब्यूटी पालर का नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। जिसके पंजीयन प्रारंभ हो गए है। प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण का लाभ ग्रामीण अंचल के युवक–युवतियों जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो एवं कम से कम 10 वी पास हो,को मिलेगा। इस 38 दिवसीय प्रशिक्षण में आवास, भोजन व नाश्ते की व्यव्स्था नि:शुल्क रहेगी। बैंकिग संबंधी जानकारी एवं समस्याओं का समाधान भी इस प्रशिक्षण में किया जायेगा। इच्छुक प्रशिक्षणार्थी 4 पासपोर्ट साईज फोटो, एवं 3 सेट में आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड, अंकसूची की छायाप्रति के साथ आवेदन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हवाई पट्टी के सामने, विश्राम भवन के पास, चीताखेडा रोड नीमच में जमा करा सकते है।

मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के ऑनलाइन आवेदन आंमत्रित

नीमच। मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के ऑनलाईन कियान्वयन हेतु एन.आई.सी. म.प्र. के सहयोग से स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन नवीन पणाली विकसित की गई हैं। इस नवीन प्रणाली के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025–26 में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों के ऑनलाईन आवेदन 30 अक्टूबर 2025 तक आंमत्रित किए गये है मुख्यमंत्री नि:शक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजनान्तर्गत लेपटाप, मोटोराईज्ड, ट्राईसिकल प्रदान करने का प्रावधान है। दिव्यांग विद्यार्थियों को सामाजिक न्याय विभाग के स्पर्श पोर्टल वेबसाईट द्धह्लह्लश्च-//222 .ह्यश्चह्यह्यद्ध .द्वश्च .द्द्१ .द्बठ्ठ पर आनलाईन आवेदन पत्र करना होगा। आवेदन पत्र में समग्र कोड ओर स्कूल, महाविद्यालय का कोड अनिवार्य रूप से अंकित किया जावें। मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत हाई स्कूल,हाई सेकण्डरी स्कूल, आई.टी.आई. में दिव्यांग विद्यार्थी द्वारा प्रवेश लिया जाता है, तो योजनान्तर्गत नियमानुसार लाभ प्रदान किया जावेंगा। आई.टी.आई. में प्रवेशित उन्हीं छात्रों को उक्त योजनान्तर्गत लेपटॉप प्रदाय किया जायेंगा, जो कम्प्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेंट पाठयक्रम अथवा कम्प्यूटर आधारित किसी अन्य पाठ्यकम में प्रवेश लेते है। दिव्यांगजनों को किसी भी स्थिति में द्वितीय बार लेपटॉप,मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान नहीं की जावेंगी।

प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने दी धनतेरस एवं दीपोत्सव की शुभकामनाएं

नीमच। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भुरिया ने प्रदेश के साथ ही जिलेवासियों को धनवंतरी जयंती, धनतेरस एवं दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होनें कहा,कि यह पर्व आप सभी के जीवन को ज्ञान, ऊर्जा, आरोग्य एवं समृद्धि से आलोकित रहे।

जनप्रतिनिधियों ने दी दीपावली की शुभकामनाएं

नीमच। क्षेत्रीय सांसद श्री सुधीर गुप्ता, जावद विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध मारू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिह चौहान ने जिलेवासियों को धनवंतरी जयंती, धनतेरस एवं दीपोत्सव की शुभकामनाएं दी हैं। जनप्रतिनिधिगणों ने अपने संदेश में कहा है,कि दीपावली का पर्व सभी के जीवन में खुशहाली लाए। उन्होने सभी नागरिकों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए, सभी के सुखी, स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन की कामना की हैं।

कलेक्टर एवं एसपी ने दी दीपावली पर बधाई

नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं पुलिस अधीक्षक अंकित कुमार जायसवाल ने जिलेवासियों को धनवंतरी जयंती, धनतेरस एवं दीपोत्सव की शुभकामनाएं दी है। अधिकारी द्वय ने अपने संदेश में जिलेवासियों को रौशनी के पर्व दीपावली की बधाई दी है। उन्होने कहा, कि सभी के जीवन में यह पर्व खुशहाली लाए। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जिलेवासियों से स्वच्छता दीवाली मनाने का आव्हान करते हुए कहा, कि वे दीपावली पर 10 दिन स्वच्छता की दिवाली अभियान से जुड़े और अपने शहर नगर, घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखें।

धनगांव में निश्शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर

नीमच। आयुष्मान आरोग्य मंदिर थडौद द्वारा शुक्रवार को ग्राम धनगांव में निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ.आर.पी.वर्मा द्वारा बीपी एवं शुगर की जांच की गई। शिविर में वात रोग अध्यमान अग्निमांद्य चर्म रोग बीपी शुगर श्वास प्रतिशयाय उदर रोग आदि बीमारियों के 56 मरीजों का परीक्षण कर निशुल्क औषधियां वितरित की गई। शिविर में औषधिय अश्वगंधा की खेती करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया गया।

मजदूर कल्याण समिति के प्रदेश महामंत्री पद पर प्रकाश जोशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर रेखा जोशी नियुक्त

मन्दसौर। मजदूर कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष करणसिंह परिहार ने समिति के प्रदेश महामंत्री पद पर प्रकाश जोशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर रेखा जोशी को मनोनीत किया है। मजदूर कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष श्री परिहार ने प्रकाश जोशी एवं श्रीमती रेखा जोशी को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए आशा व्यक्त की है कि आप समिति के नियमों के अंतर्गत सामाजिक क्षेत्र में सक्रियता से कार्य करेंगे। प्रकाश जोशी एवं श्रीमती रेखा जोशी की नियुक्ति पर इष्टमित्रों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

छोटे व्यापारियों से कोई राशि नहीं लेगी : गुर्जर

मंदसौर। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने बताया कि नपा परिषद दीपावली पर्व तक दीपावली पर्व में उपयोग होने वाली वस्तुओं को विक्रय करने वाले रेहड़ी पटरी के व्यापारियों अर्थात सड़क के किनारे बैठकर दीपावली पर्व की वस्तुएं जैसे दीपक, लक्ष्मीजी के फोटो, प्रसादी, पूजन सामग्री, फूल मालायें आदि बेचने वाले व्यापारियों से किसी भी प्रकार का कर नहीं लेगी। नपा परिषद दीपावली पर्व पर रेहड़ी पटरी पर व्यापार करने वाले छोटे व्यापारियों से कोई कर नहीं लेगी ताकि स्थानीय छोटे व्यापारियों को व्यापार व्यवसाय में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो।

स्वयं सेवकों ने निकाली भव्य पदयात्रा

गरोठ। गरोठ तहसील अंतर्गत खरड़ावदा मंडल में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा बड़े पैमाने पर पथ संचलन निकाला गया। सैकड़ों स्वयंसेवक कदम से कदम मिलाकर नगर में पंक्तिबद्ध होकर दंड हाथ में लिए उत्साहपूर्वक निकले, जिससे वातावरण में उत्साह और अनुशासन की अनुभूति बनी रही। पथ संचलन के दौरान संघ के बौद्धिक परामर्श राठौर (विभागीय शारीरिक प्रमुख) ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन और प्रेरक संदेश दिया। खरड़ावदा के ग्रामवासियों और आसपास के क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने रास्ते में स्वयंसेवकों का स्वागत किया तथा जगह–जगह पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया।

जीरन पुलिस की कार्रवाई, बड़ी वारदात को अंजाम देने वाला गिरोह चढ़ा खाकी के हत्थे

▸ कंपनी के कर्मचारी की भूमिका भी आई सामने, लाखों रूपये का माल बरामद, दो आरोपी अब भी फरार

नीमच। संपत्ति से जुड़े अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जीरन पुलिस ने मोबाइल टावरों से चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 1.60 लाख की जियो कंपनी की बैटरियां और चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। वहीं, दो अन्य आरोपी अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश यादव के नेतृत्व में की गई।

घटना का विवरण– दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को फरियादी विनोद पिता पन्नालाल पाटीदार, निवासी जीरन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह जियो नेटवर्क कंपनी में कार्यरत हैं और जीरन तहसील क्षेत्र के मोबाइल टावरों की देखरेख करते हैं। रात में चल्दु स्थित जियो टावर से अज्ञात बदमाशों ने दो बैटरियां चोरी कर लीं। इस पर थाना जीरन में अपराध क्रमांक 296/25 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

इसी प्रकार उसी दिन आईडिया नेटवर्क कंपनी में कार्यरत फरियादी बद्रीप्रसाद पिता मिश्रीलाल मालवीय, निवासी मंदसौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि छाछखेड़ी टावर से भी अज्ञात आरोपी छह टीआरएक्स यूनिट चोरी कर ले गए। इस पर थाना जीरन में अपराध क्रमांक 295/25 धारा 303(2) बीएनएस का मामला दर्ज किया गया।

फरार आरोपी– करण पिता बंशीलाल माली, निवासी कयामपुर, थाना नाहरगढ़

– पवन पिता जगदीश माली, निवासी कयामपुर, थाना नाहरगढ़

टीम का सराहनीय योगदान– इस कार्रवाई में निरीक्षक उमेश यादव (थाना प्रभारी जीरन) के नेतृत्व में पुलिस सहायता केंद्र हरकियाखाल की टीम– सउनि रामपाल सिंह राठौर, प्रआर विजय गुनेरा, प्रआर लक्ष्मीनारायण शर्मा, प्रआर सुरेंद्र सिंह, आर. धर्मेंद्र सिंह, आर. विक्रम धनगर, आर. महेश जाट, आर. मुकेश का सराहनीय योगदान रहा।

गिरफ्तारी और बरामदगी

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी उमेश यादव ने पुलिस सहायता केंद्र हरकियाखाल की टीम को जांच हेतु निर्देश दिए। मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों जितेन्द्र पिता महेश राठौर (20 वर्ष) निवासी कयामपुर, थाना नाहरगढ़, जिला मंदसौर और आशीष पिता गणपत गोस्वामी, निवासी भुक्की, थाना नाहरगढ़, जिला मंदसौर (आईडिया कंपनी कर्मचारी) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने अपने फरार साथियों करण पिता बंशीलाल माली और पवन पिता जगदीश माली (दोनों निवासी कयामपुर, थाना नाहरगढ़, जिला मंदसौर) के साथ मिलकर छाछखेड़ी और चल्दु टावरों से चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से जियो कंपनी की 2 बैटरियां (कीमत 1.60 लाख) व बिना नंबर की डिलक्स मोटरसाइकिल (कीमत 60 हजार) कुल 2.20 लाख का माल जब्त किया है।

अधिवक्ता के साथ मारपीट करने वाली महिला को 2 माह का सश्रम कारावास

नीमच। अंकिता गुप्ता, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच द्वारा फीस के विवाद के कारण जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ता के मारपीट करने वाली आरोपीया सीमा पति मनोज शर्मा, निवासी–इन्द्रा नगर, नीमच सिटी, जिला नीमच को धारा 323 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के 02 माह के सश्रम कारावास एवं 1000रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री विपिन मण्डलोई द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 07 वर्ष पूर्व दिनांक 16.02.2018 को दिन के लगभग 04 बजे जिला न्यायालय परिसर, नीमच की हैं। फरियादी अधिवक्ता अजय श्रीवास्तव द्वारा पुलिस थाना नीमच केंट में आवेदन दिया गया कि आरोपीया के एक प्रकरण में न्यायालय के समक्ष अपील प्रस्तुत किये जाने हेतु उनकों अधिवक्ता नियुक्त किया गया था, जिसमें अपील प्रस्तुत किये जाने हेतु 3000रू. फीस तय की गई थी, जिसमें से आरोपीया द्वारा 2200रू अदा कर दिये गये थे। फरियादी द्वारा अपील प्रस्तुत किये जाने के बाद घटना दिनांक को शेष 800रू फीस की मांग आरोपीया से की गई तो आरोपीया द्वारा इस बात को लेकर फरियादी से विवाद करते हुवे फरियादी का बैग उठाकर जाने लगी, जब फरियादी द्वारा उसको रोका गया तो आरोपीया ने फरियादी का कॉलर पकड़ कर उसके साथ थप्पड़ो से मारपीट की गई व और नाखून से नोंचा गया। घटना स्थल के आस–पास बैठे अधिवक्तागण द्वारा बीच–बचाव किया गया। फरियादी के आवेदन पर से आरोपीया के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई व फरियादी का मेडिकल कराया गया और विवेचना उपरांत अभियोग–पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

एनडीपीएस के फरार आरोपी सरपंच पर हफ्ता वसूली का मामला दर्ज

▸ फैक्ट्री में तोड़फोड़ व लूटपाट, जानलेवा हमले का आरोप

नीमच। जिले के बघाना थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बावनबर्डी के सरपंच विक्रम सिंह की गुंडागर्दी ने उद्योग जगत में सनसनी फैला दी है। जानकारी के अनुसार सरपंच विक्रम सिंह नयागांव चौकी के एनडीपीएस एक्ट का फरार आरोपी भी है। बुधवार को सरपंच ने अपने साथियों के साथ उद्योगपति अनिल नाहटा की फैक्ट्री 'ओसवाल इथेनॉल' में घुसकर तोड़फोड़,लूटपाट और जानलेवा हमला किया।

उद्यमी नाहटा के अनुसार सरपंच शराब के नशे में धुत होकर 5 से 7 गुंडों के साथ फैक्ट्री पहुंचा और हफ्ता वसूली के इरादे से हमला किया। आरोपियों ने फैक्ट्री में भारी नुकसान पहुंचाया, एक कर्मचारी से मारपीट की और नगदी व सोने की चेन लूट ली।हमले में अनिल नाहटा के बेटे पर भी जानलेवा वार किया गया, हालांकि वह बाल–बाल बच गए। नाहटा ने आरोप लगाया कि सरपंच विक्रम सिंह क्षेत्र में रंगदारी और हफ्ता वसूली का आतंक फैलाना चाहता है ताकि कोई उद्योगपति शांतिपूर्वक कारोबार न कर सके। घटना की शिकायत पर बघाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी सरपंच विक्रम सिंह सहित 9 लोगों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

तेंदुए का बच्चा होने की सूचना पर पहुंची टीम, निकला जंगली वनप्राणी का बच्चा

जावद। नगर के समीप एक खेत में तेंदुए का बच्चा के होने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी। वन विभाग की टीम ने जांच की और पाया कि ये तेंदुए का बच्चा नहीं, बल्कि जंगली वनप्राणी का बच्चा था दरअसल, जावद क्षेत्र के गांव उम्मैदपुरा में शुक्रवार की सुबह एक खेत में तेंदुए के बच्चों के होने की मिली सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

जंगली वनप्राणी का बच्चा
तेंदुए का बच्चा

सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और छानबीन की जिसमें वह जंगली जो संभवत बिल्ली का बच्चा निकला। जानकारी के अनुसार उम्मैदपुरा गांव के ग्रामीण शुक्रवार की सुबह खेत की ओर जा रहे थे इसी बीच उन्हें किसी जानवर के बच्चे की आवाज सुनाई दी।

ग्रामीण नजदीक जाकर देखा की खेत में एक बच्चा दिखाई दिया हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिसके बाद वन विभाग के डिप्टी रेंजर चम्पालाल गायरी सहित टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बच्चे को कब्जे में लिया।

ग्रामीणों में जहां तेंदुए के बच्चे होने की खबर फैलाई गई वहीं डिप्टी रेंजर चम्पालाल गायरी ने बताया कि यह तेंदुए का बच्चा नहीं थे बल्कि जंगली संभवत बिल्ली का बच्चा था जिसको वापस वही सुरक्षित स्थान पर रख दिया ताकि जिस वन प्राणी ने जन्म दिया वह उसे अपने साथ ले जा सके।वही जावद पूर्व डिप्टी रेंजर भरत दुबे ने बताया कि अक्सर कई बार ग्रामीणों द्वारा छोटे जानवरों को तेंदुआ समझ लेने से गलतफहमी फैल जाती है, जिससे दहशत का माहौल बन जाता परंतु वन विभाग की टीम जांच करती और पुष्टि करती है की वह वास्तविक बात कहती है। फिलहाल वन विभाग ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान न देने और सतर्क रहने की अपील करता है।

लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

मंदसौर। लायंस क्लब इंटरनेशनल, डिस्ट्रिक्ट 3233 ई2 के अंतर्गत पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन नगर पालिका सभागृह मंदसौर में किया गया। इस प्रतियोगिता में नगर के 20 स्कूलों के लगभग 350 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी चित्रकला के माध्यम से विश्व शांति, एकता और सद्भावना के संदेश को अभिव्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रीजनल चेयरपर्सन दिनेश बाबानी रहे। अध्यक्षता लायंस क्लब मेन के रत्नेश कुदार, लायंस क्लब गोल्ड के संजय पारिख, लायंस क्लब स्टार की सोनाली जैन और लायंस क्लब डायनेमिक की उषा चौधरी ने की। स्वागत भाषण रत्नेश कुदार ने दिया तथा कार्यक्रम का संचालन समन्वयक चित्रा मंडलोई के निर्देशन में हुआ।

चित्रा मंडलोई ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में वैश्विक भाईचारा और मानवता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना है। निर्णायक के रूप में गोविंद पुरोहित एवं हिना पुरोहित (ड्राइंग मास्टर डिग्री गोल्ड मेडलिस्ट) ने प्रतिभागियों की चित्रकला का मूल्यांकन किया। विजेताओं को डिस्ट्रिक्ट स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा, जबकि सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

प्रतियोगिता में सीतामऊ पब्लिक स्कूल, दलौदा पब्लिक स्कूल, सेंट कबीर स्कूल और एम.आई.एस. स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विजय पलोड़, विनोद ऊकावत, राजकुमार पारिख, सीए सिद्धार्थ अग्रवाल, प्रतीक शर्मा, सुभाष बग्गा, आशीष मंडलोई, सुमित्रा चौधरी, रीटा पारिख, सीमा जैन, कविता मिंडा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवा पत्रकार अनिल संगवानी के योगदान की सराहना की गई। अंत में नीता सोलंकी ने आभार व्यक्त किया।

एक नजर | **लायंस क्लब की सराहनीय पहल**

वात्सल्य धाम के पितातुल्य रहवासियों को नवीन वस्त्र वितरित किए

मंदसौर। दीपावली के पावन अवसर के त्यौहार पर लायंस क्लब मंदसौर द्वारा वात्सल्य म में रहने वाले पिता तुल्य, माता तुल्य 31 व्यक्तियों को उनके नाप के अनुसार नवीन वस्त्र सिलवाकर, डिप्टी कलेक्टर श्री शुभम पाटीदार के हाथों वितरित किये गये। लायन जगदीश चौधरी के पौत्र का जन्मदिन वात्सल्यधाम में मनाकर यह श्रेष्ठ सेवा कार्य किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रेडक्रास सोसायटी के प्रबंधक डिप्टी कलेक्टर शुभम पाटीदार ने कहा कि मंदसौर में आप जैसी संस्था है जो प्रशासन के साथ मिलकर सहयोग करती है। मुझे भी कुछ नया और अच्छा करने की प्रेरणा मेरे पिताजी से मिलती है, उसी तरह आज के कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार लायन दीपक चौधरी को भी अपने पुत्र का जन्मदिन वरिष्ठ असहाय लोगों के बीच उन्हें वस्त्र द्वारा सम्मान देकर मनाया है जो उन्हें उनके पिताजी से मिला। एक विशाल मेघा कैम्प स्वास्थ्य का लगाया था उसमें भी हमें बड़ी सफलता मिली जिसमें पांच हजार व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण और नि:शुल्क उपचार मिला। इस परिसर में व्यवस्थाओं का सुधार लाते हुए एक डाइनिंग हाल का निर्माण किया है, डायनिंग टेबल के साथ भोजन करने की सुगम व्यवस्था बनाई गई है।

गोपालकृष्ण गौशाला के अध्यक्ष संजय लोढ़ा ने कहा कि तत्कालीन कलेक्टर मदनमोहन उपाध्याय के समय से यह संस्था संचालित है, मैं करीब 40 वर्षों से वात्सल्य धाम से जुड़ा हूँ। समाज के शोषित व्यक्तियों के लिये यह सेवा करने वाली संस्था है, जिन्हें ठुकरा दिया जाता है उन्हें यहां शरण मिल जाती है, लायंस क्लब में मानवता है, सेवा भाव की भावना है, जिसके कारण समय समय पर निरंतर सेवा कार्यों से जुड़े रहते है।

स्वागत भाषण में लायंस क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने कहा कि त्यौहार हम सभी मनाते है, पश्रतु दुसरों के साथ्ज्ञ मनाने में ज्यादा आनंद आता है। विशेष रूप से माता–पिता तुल्य वात्सल्य धाम में रहने वालों के साथ खुशी बांटना और अच्छा लगता है, दीपावली पर पहने, ओड़ने के लिये सभी 31 व्यक्तियों को वस्त्र सिलवाकर भेंट किये।

लायन दीपक चौधरी के पुत्र के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में लायन दीपक ने कहा कि यह शुभ कार्य की प्रेरणा मुझे मेरे पिताजी की प्रेरणा से मिली। ऐसे सेवा कार्यों से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में लायन अध्यक्ष रत्नेश कुदार, सचिव डॉ. विक्रांत भावसार, लायन डॉ. देवेन्द्र पुराणिक, सुभाष बग्गा, सुनील बाफना, सत्यनारायण छापरवाल, आसदीप साहनी, सुरेन्द्र फरक्या, परमानंद अग्रवाल, डॉ. ज्योति शुक्ला, सुनील विजयवर्गीय, विकास अग्रवाल, नेमकुमार गांधी आदि ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। लायन सत्यनारायण छापरवाल ने सभी वात्सल्य धाम रहवासियों को मिठाई वितरित की। इस अवसर पर लायन डॉ देवेंद्र पुराणिक, सुनील बाफना एमजेएफ सुभाष बग्गा, परमानंद अग्रवाल, आसनदीप साहनी, डॉ ज्योति शुक्ला, सुनील विजयवर्गीय, विकास अग्रवाल, सत्यनारायण छापरवाल, सुरेंद्र फरक्या, नेम कुमार गांधी, जयंत चौधरी,उत्तम जैन, राहुल नाहटा, अंकुश सोनगरा, डॉ नीलेश नागायच, मोहित जैन, आदि उपस्थित थे।